पंजाब केसरी 27/09/2024

एमए अंग्रेजी में छात्रा ने टॉप 10 सूची में स्थान प्राप्त कर बढ़ाया कॉलेज का गौरव

छात्रा को सम्मानित करते हुए कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डा. सीमा कंसल व अन्य स्टाफ। (देवदत्त)

अम्बाला, 26 सितम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट की अंग्रेजी विभाग की छात्रा राधिका जैन ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में एमए अंग्रेजी में तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज और अम्बाला जिले का नाम रोशन किया है।

इसके अलावा महक रानी और हर्षिता ने भी एमए अंग्रेजी में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डा. सीमा कंसल ने कहा कि कॉलेज अपने विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह विद्यार्थी एक आदर्श समाज के निर्माण और राष्ट्रीय उन्नति में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। इसी श्रृंखला में जी.एम.एन. कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. गुरदेव सिंह, महासचिव अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता और ट्रस्ट के अध्यक्ष जसवंत राय जैन ने इन सभी मेधावी विद्यार्थियों को शुभाशीष प्रेषित करते हुए कहा कि जी.एम.एन. कॉलेज विद्यार्थियों में बुद्धि कौशल और नेतृत्व प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अनूठी उपलब्धि के लिए प्राचार्य ने विभाग अध्यक्ष डा. अमित कुमार, प्रो. कमलेश कुमारी, डा. ज्योति सौरोत, डा. अंशु चौधरी, डा. नीना और प्रो. महक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आप सभी के प्रयासों और प्रगाढ़ लगन का परिणाम है।